भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. †*77
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक में प्रतिष्ठित स्थलों का विकास

†*77. श्री जी.एम. सिद्देश्वरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विशेष बजटीय आवंटन से कर्नाटक में स्थित प्रतिष्ठित स्थलों के विकास के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार करने की कार्रवाई शुरू की है, ताकि ये स्थल मॉडल के रूप में रहें;

(ख) यदि हां, तो इन स्थलों पर निष्पादित किए जाने वाले कार्य की प्रमुख मदों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या भविष्य में प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकास के लिए अन्य स्थलों की पहचान की जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

कर्नाटक में प्रतिष्ठित स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 12.12.2022 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*77 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय ने समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए कर्नाटक में हम्पी सहित देश में अभिज्ञात प्रतिष्ठित गंतव्यों के विकास के लिए 'प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों का विकास योजना' तैयार की थी । मंत्रालय द्वारा हम्पी के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया गया था । तथापि यह योजना अनुमोदित नहीं है ।

*****